अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

01745

दिसम्बर, 2016

पी.जी.डी.टी. - 003 : व्यावहारिक अनुवाद के विविध स्तर और क्षेत्र

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. क्रिया पदबन्ध का तात्पर्य समझाते हुए उसके संघटक तत्वों की चर्चा कीजिए। **20**

अथवा

आशु अनुवाद का अर्थ समझाते हुए इसकी सीमाओं और संभावनाओं पर विचार कीजिए।

2. (a) निम्नलिखित वाक्यों का **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए : **5x2=10**

(i) 1860 के दशक में पूरे यूरोप में इन विचारों का प्रभाव पड़ रहा था और मानवता के प्रति एक नया विचार बन रहा था।

(ii) सैनिक थकान से चूर तो थे ही, वे लेट गए और गहरी नींद में सो गए।

(iii) जब हम प्रातः उठते हैं तो बड़ी उत्सुकता से समाचार-पत्र का इंतज़ार करते हैं।

(iv) अब समय आ गया है कि हम अपने देश से अज्ञानता और निरक्षरता को जड़ से उखाड़ दें।

(v) कार्यक्रम की सफलता-असफलता काफी हद तक पटकथा पर आधारित होती है।

(b) निम्नलिखित वाक्यों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **5x2=10**

(i) With a chance to match history at the home of golf, Jordan Spieth is trying to do his best.

(ii) Bangladesh was rewarded for an impressive rally in the series, following an eight wicket defeat in the opener.

(iii) To avail the scheme, consumer will have to visit customer care centre along with the latest electricity bill, photo identity and address proofs.

(iv) Environmentalists say that the dams have caused large declines in fish stocks and other aquatic life.

(v) Apart from an actor, you are also a successful director. Will you also be contributing to the direction of the show ?

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **3x15=45**

(a) Public relation is a term which is widely misunderstood and misused to describe anything from selling to hostessing, when in fact, it is a very specific communication process. Every company, organization, association and government body has groups of people who are affected by what that organization says or does. These groups may be employees, customers, stockholders or just general public.

(b) There are various values which sustain life. Honesty is one of them. Honesty fetches success, satisfaction and peace of mind. An honest person never deceives anyone. In return, he gets love and respect. S/He is trusted by anyone. Honesty, however, does not mean in money matters alone. It includes honesty in thought, word and deeds also. An honest man is always regular and punctual. S/He would never waste time. S/He is always straight and just. S/He has nothing to fear. Success and glory in life go to those who practice honesty. All the great people of the world were honest in their dealings.

(c) When we asked him about the origin of the technique, he smiled and said that it is his own creation, "my own approach". But he also added that he is influenced by Italian artist Boeti.

His maps are graphic and drawing where international boundaries do not have the possibility of being read or understood. He wishes to make the boundaries disappear. "I want to blur them, so that all the information, cities, borders that normally we use for location, disappear, "he said and added that his goal is to unify the nation state differences, and create utopian (काल्पनिक) land or map without those lines of separation.

(d) The book which contains the proceedings of the two international conferences tries to address various complex issues ranging from the historical circumstances which gave rise to migration by the Gujarati diaspora to their becoming rich entrepreneurs and law makers of their respective host countries. The book also probes the sociological, economic and cultural reasons behind the spectacular success of the Gujarati diaspora and their attempts to reconnect with their home.land in multifarious ways.

4. किसी **एक** का **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए : **15**

(a) रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य कार्यालय नई दिल्ली में रेड क्रॉस रोड पर है जिसके अहाते में गड़े खम्भों पर रेड क्रॉस का झंडा फहराता रहता है। सभी राज्यों की राजधानियों में इसकी शाखाएँ हैं और लाल चटख रंग के क्रॉस वाले सफेद झंडे सारी शाखाओं की इमारतों पर फहराते हैं।

इमारतों के अंदर कई अलग-अलग विभाग हैं। एक में बस कंडक्टरों को प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग दी जाती है, दूसरे विभाग में जो लोग दुर्घटना में हाथ या पैर गँवा बैठे हैं वे नकली हाथ-पैर के लिए अपने नाम दर्ज करवाते हैं। एक और विभाग में गरीबों को कपड़े और विटामिन की गोलियाँ दी जाती हैं।

(b) अगर उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) से ग्रस्त व्यक्ति अपने ब्लड प्रेशर को दवाओं और जीवन-शैली में सकारात्मक परिवर्तन कर नियंत्रण में रखते हैं तो वे मस्तिष्क आघात के खतरे से बच सकते हैं। आम तौर पर लोग अचानक होने वाले तेज सिरदर्द को हल्के में लेते हैं। वे सोचते हैं कि यह अपने-आप ठीक हो जाएगा। ज़्यादातर लोग ऐसे अनुभवों से गुज़र भी चुके होंगे, लेकिन कई बार सिरदर्द का कारण आपका उच्च रक्तचाप भी हो सकता है। इस कारण स्ट्रोक या ब्रेन अटैक की संभावना बढ़ जाती है। यही नहीं, अगर कोई व्यक्ति उच्च रक्तचाप, डाइबिटीज़ या हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से ग्रस्त है, तो उसे स्ट्रोक होने का खतरा कहीं ज़्यादा बढ़ जाता है।